**भारत सरकार**
**विद्युत मंत्रालय**
**....**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1778**
**जिसका उत्तर 29 जुलाई, 2021 को दिया जाना है।**

## विद्युत का निजीकरण

**1778. श्री वी. वैथिलिंगम:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विद्युत वितरण के निजीकरण और उसके तहत विद्युत विभाग को सौंपने से संबंधित कार्य शुरू कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) संघ राज्यक्षेत्र-वार पुद्दुचेरी के विद्युत विभाग को सौंपे गए कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है?

## उत्तर

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) से (ग)** : भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत, संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) में विद्युत विभागों एवं यूटिलिटियों के निजीकरण की घोषणा की। यह निर्णय विद्युत वितरण यूटीलिटियों के उप-इष्टतम कार्यनिष्पादन तथा परिचालनात्मक और वित्तीय दक्षताओं में सुधार के साथ उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्देशित है।

चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र की निविदाएं प्राप्त हुई हैं। दादर एवं नगर हवेली (डीएनएच) तथा दमन दीव (डीडी) संघ राज्य क्षेत्रों को भी निविदाएं प्राप्त हुई हैं और इन निविदाओं का मूल्यांकन किया गया है। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी तथा लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र आरएफसी के अंतिम चरण में है। जम्मू एवं कश्मीर ने तौर-तरीकों की जांच के लिए एक अध्ययन की शुरूआत की है।

***********